संक्षिप्त

रुपाखेड़ी में खेत की तलाई में डूबा बच्चा

कपासन । कपासन में 12 वर्षीय बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बच्चा अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया था। इस दौरान गहरे पानी में चला गया। मामला रुपाखेड़ी गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे का है।

मिली जानकारी के अनुसार धर्मराज (12) मूल रूप से आकोला गढ़ का रहने वाला था। वो पिछले 9 सालों से अपनी मूक-बधिर मां के साथ ननिहाल रुपाखेड़ी में रह रहा था।

दूसरी कक्षा का छात्र धर्मराज अपने दोस्तों के साथ घर से डेढ़ किलोमीटर दूर शनि महाराज रोड स्थित खेत की तलाई में नहाने गया था।

तलाई फॉर्म पौंड के रूप में बनी हुई थी। तलाई 10 फीट गहरी थी। हादसे के समय तलाई में करीब 6 फीट तक पानी भरा हुआ था।

नहाते समय धर्मराज गहरे पानी में चला गया और डूब गया। ग्रामीणों को जानकारी मिलते ही वो मौके पर पहुंचे। बच्चे को बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस से कपासन उपजिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

करण सनाढ्य का सम्मान

अजमेर । जूडो के लिए अर्पिता कंवर राठौड, हार्दिक गुर्जर का सम्मान किया गया। कबड्डी टीम में राष्ट्रीय स्तर के पर प्रतिनिधित्व करने पर रिया कुमावत, एवं सर्कल स्टाईल कब्बडी में रजत पदक प्राप्त करने पर नारायण लाल कुमावत का सम्मान किया गया। थाईलैंड में खेले जाने वाले खेल सेपक टकरा के लिए कनक गर्ग और ध्रुव प्रताप सिंह को को सम्मानित किया गया।

चिकित्सा व शिक्षा विभाग के आयुक्त ने किया जेएलएन अस्पताल का निरीक्षण

अजमेर । राज्य सरकार के निर्देश पर चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के आयुक्त शैलेन्द्र माथुर ने शुक्रवार को जेएलएन मेडिकल कॉलेज, जेएलएन अस्पताल और जनाना अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अस्पताल की सफाई, भवन की मरम्मत और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के पश्चात आयुक्त शैलेंद्र माथुर ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि सरकार के आदेश पर प्रदेश भर के सरकारी अस्पतालों का एक साथ विभिन्न टीमों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अस्पतालों में मरीजों को मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं। निरीक्षण के दौरान जेएलएन अस्पताल के कार्डियोलॉजी और न्यूरोलॉजी विभाग की सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली।

चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के आयुक्त ने अस्पताल का निरीक्षण किया।

अस्पताल भवन की छतों से कई स्थानों पर पानी टपकने की शिकायतें सामने आईं। आयुक्त ने कहा कि ऐसी स्थिति में मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ता है जो किसी भी हालत में सही नहीं है। माथुर ने बताया कि सरकार ने निर्णय लिया है कि चिकित्सा विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग अब संयुक्त रूप से अस्पतालों का सर्वे कर विस्तृत एस्टीमेट तैयार करेंगे, ताकि फंड का बेहतर और पारदर्शी उपयोग हो सके। निरीक्षण टीम ने अस्पताल के विभिन्न वार्ड, ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर और अन्य महत्वपूर्ण विभागों का भी दौरा किया। मरीजों और उनके परिजनों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। निरीक्षण के दौरान टीम ने रिकॉर्ड रजिस्टर, दवा वितरण काउंटर, लैब और जनाना अस्पताल के शिशु वार्ड की

- **अस्पताल की साफ-सफाई व मरम्मत व्यवस्था पर जताई चिंता**

व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। आयुक्त माथुर ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर इलाज, साफ-सफाई, समय पर दवा और मरम्मत जैसी सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि तय मानकों के अनुसार सेवाएं मुहैया कराई जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई हो। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ सहायक आचार्य नेहा शर्मा, सहायक सांख्यिकी अधिकारी गणेश राम अचेरा, पीएमसी टीम मैनेजर शैलेन्द्र माथुर और सहायक अभियंता (सिविल) नन्दलाल कुमावत भी मौजूद रहे।

अहिल्याबाई होलकर की शोभा यात्रा निकली

अजमेर । भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अजमेर द्वारा वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की 300 ही जन्म जयंती के अवसर पर संगोष्ठी व अहिल्याबाई होलकर की शोभा यात्रा निकली गई।

कार्यक्रम कि मुख्य वक्ता एवं दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर सभी युद्धों में विजयी रहीं। उन्होंने कहा कि आज शासन में महिलाओं को शासन में प्रतिनिधित्व देने की बात सोच रहे हैं, लेकिन जब प्रतिनिधित्व व सहभागिता की बात करते हैं तो 300 साल पहले हमारे देश में केवल प्रतिनिधित्व नहीं, केवल भागीदारी देने की बात इतना ही मात्र नहीं, बल्कि नेतृत्व देने का काम अहिल्याबाई ने किया। लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन के बारे में लोगों तक विषय पहुंचाने के लिए भाजपा ने देशभर में अभियान लिया है,भदेल ने कहा कि चाहे किसान की बात हो, चाहे महिला की बात हो, न्याय की बात हो, व्यापार की बात हो, प्रशासन की बात हो, चाहे ममता हो, रमता हो, चाहे समता हो, सभी विषयों के बारे में प्रदर्शनी लगी है। हमारे देश में ऐसे नेतृत्व करने वाली महारानी थी। भारत नियम के कारण नहीं, बल्कि लंबी हमारी विरासत है। देश के लिए, जिन्होंने अपना जीवन दिया। उनमें एक महान विभूति पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना हैं कि अब हमें उनको प्रतिनिधित्व व सहभागिता देने में नहीं, बल्कि उनके

- **भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अजमेर द्वारा वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की 300 ही जन्म जयंती के अवसर पर संगोष्ठी व अहिल्याबाई होलकर की शोभा यात्रा निकली गई।**

नेतृत्व में कार्य करने की आदत डालनी चाहिए

केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि आहिल्याबाई होलकर का इतिहास त्याग, बलिदान और प्रेरणा का है। जिसको आगे आने वाली पीढ़ी अनवरत आत्मसात करती रहेगी। उन्होंने भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए यादगार कार्य किये,चौधरी ने कहा कि केन्द्र सरकार के केन्द्र में देश की गरीब जनता है। आज केंद्र में एक ऐसी सरकार है जिसका नेतृत्व संवेदनशील है। उन्होने सवाल उठाते हुए कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी का देश में लम्बे समय तक राज रहा उन्होंने गरीबों के साथ अन्याय किया। देश का गरीब उनको कभी माफ नहीं करेगा, भाजपा शाहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर समरसता की साक्षात मूर्ति थीं। उन्होंने शासन करते हुए देश के अनेक धर्मस्थलों का जीर्णोद्धार कराया।

खिलाड़ियों का सम्मान

राजसमंद। सामाजिक समरसता और खेलों के प्रति प्रतिबद्ध मेवाड़ क्लब राजसमंद की ओर से जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों जिन्होंने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ पदक प्राप्त किया उन खिलाड़ियों का समारोह पूर्वक सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर बाल मुकुन्द असावा ने कहा कि खिलाड़ियों की ऊर्जा से देश आगे बड़ता है यह प्रसन्नता का विषय है कि मेवाड़ क्लब अपने दायित्वों का निष्ठा और प्रतिबद्धता से निर्वहन करते हुए खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के कार्य में लगा हुआ है । उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में जब मेवाड़ क्लब की स्थापना का कार्य प्रारंभिक स्तर पर चल रहा था उस समय वह इसी जिले में उपखंड अधिकारी के पद पर नियुक्त थे यह प्रसन्नता का विषय है कि आज मेवाड़ क्लब राजसमंद जिले ही नहीं पूरे प्रदेश में अपनी पहचान बना रहा है। जिला कलेक्टर ने कहा कि आज के समय महिला सशक्तिकरण की बहुत ज्यादा आवश्यकता है उन्हें यह देखकर प्रसन्नता है कि महिला खिलाड़ी भी पुरुषों के बराबर आगे बढ़ रही है। उन्होंने जिले के युवाओं से आ ान किया कि वे पुरी क्षमता के साथ अपने खेलों के प्रति समर्पित रहे। राज्य सरकार और जिला प्रशासन खेल और खिलाडियों को आगे बढ़ाने में हमेशा तत्पर रहेगा।

अन्नदाताओं के खेतों को जहर परोसा जा रहा है : डॉ. विकास चौधरी

अजमेर, 30 मई (कासं)। किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने माफियाओं द्वारा कृषि उर्वरकों की बड़े पैमाने पर अवैध खेप तैयार करने पर गंभीर चिंता जताई। विधायक चौधरी ने सर्किट हाउस अजमेर पर प्रेस कांफ्रेंस करके शासन प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए।

अवैध उर्वरक फैक्ट्रियां लगना बड़ी साजिश का हिस्सा- विधायक चौधरी ने गंभीर आरोप लगाते हुए सरकार से सवाल किया कि सबसे ज्यादा उर्वरकों का अवैध कारोबार पिछले 1 साल में सक्रिय हुआ है। इसके साथ ही विधायक चौधरी ने बताया कि गुणवत्ताहीन उर्वरकों का कारोबार पिछले 1 साल में रणनीति के तहत क्षेत्र में फल-फुल रहा है और उसे पूरे भारत के किसानों को भेजा जा रहा है जो कि गंभीर मुद्दा है। विधायक चौधरी ने केंद्र सरकार से मांग की कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और दोषियों को बक्शा नहीं जाए।

मार्बल पाउडर और मूरड(रेत) से तैयार किए जा रहे डीएपी और एमओपी,एसएसपी सहित विभिन्न उर्वरक-

- **किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने अजमेर सर्किट हाउस में की प्रेस कॉन्फ्रेंस, सरकार पर लगाए कई गंभीर आरोप**
- **किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने माफियाओं द्वारा कृषि उर्वरकों की बड़े पैमाने पर अवैध खेप तैयार करने पर गंभीर चिंता जताई।**
- **'पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई से हो और किसानों को न्याय मिले'**

विधायक चौधरी ने बताया कि मार्बल स्लेरी सहित अन्य स्क्रैप उत्पादों से बड़े पैमाने पर माफियाओ द्वारा उर्वरक तैयार किया जा रहे हैं । जिसमें आवश्यकता अनुसार रंग मिलाकर अलग-अलग नाम से बेचा जा रहा है।

किसानों की जमीन हो रही बंजर- विधायक चौधरी ने डबल इंजन की सरकार पर आरोप लगाते हुए बताया कि किसानो की आय दुगुनी करने का खोखला दावा करने वाली वाली सरकार खुद मिलीभगत से देश के किसानों की जमीन बंजर करने का काम कर रही है। मीडिया से पूछा कि मार्बल कटाई में केमिकल काम में लिया जाता है और इसी केमिकल को अलग-अलग रूप देकर खाद के रूप में बेचा जाए तो किसानो की जमीन बंजर होगी या नहीं??

पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई से हो और किसानों को न्याय मिले:- विधायक चौधरी ने सरकार से मांग की कि गंभीर प्रकरण की मांग सीबीआई से करवाया जाए और ऐसी क्या जरूरत पड़ी कि पिछले सालों में यहीं पर फैक्ट्रियां लगना शुरू हो गई और फिर पूरे देश में केमिकल को खाद के रूप में बेचा जाने लगा। इसकी सीबीआई जांच हो और जिन किसानों के खेत में बंजर हुए हैं, उनको चिन्हित करके मुआवजा दिया जाए।

सख्त कानून बनाए सरकार- विधायक चौधरी प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भावुक नजर आए और सरकार से मांग की कि किसानों के साथ धोखा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और ऐसा कानून बनाया जाए जिससे भविष्य में पुनरावृत्ति ना हो।

आंदोलन के रूप में किसानों को जागरूक किया जाएगा- डबल इंजन की सरकार में किसानों के साथ बहुत बड़ा धोखा हो रहा है, उसको लेकर सरकार ने दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की तो किसानों को साथ लेकर बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। साथ ही नकली और असली उर्वरको में पहचान को लेकर किसानों को जागरूक किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक चौधरी के साथ शहर जिला अध्यक्ष विजय जैन, वाजिद खान चिता, डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण बटेश्वर, मोहित खंडेलवाल, शैलेंद्र अग्रवाल, जिला प्रवक्ता त्यागी सहित किसान रतन घसवां, किशन घासल, लालाराम नेतड, किशन डाबला, हरिराम गीला, काना कूडी, रामलाल गीर सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

मदनगंज में तिरंगा यात्रा में सैलाब उमड़ा

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। देश भक्ति से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा में देश भक्तो का सैलाब उमड पडा। मुख्य मार्गो पर जगह जगह यात्रियों पर वर्षा कर अभिनंदन किया गया। सैनिको के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा शहीद स्मारक से शुरू यात्रा मैन चौराहे से लक्ष्मीनारायण मंदिर, लिंक रोड़, अम्बेडकर सर्किल, खिडकी चौक, धान मंडी होकर शास्त्री चौक पर सम्पन्न हुई। समापन समारोह में मौजूद भाजपा राष्ट्रीय महासचिव व राजस्थान प्रभारी डॉ राधामोहनदास अग्रवाल ने कहा हमारे देश के बहादुर सैनिको ने बेकसूर लोगो की हत्या करने वाले आंतकवाद के पालनहार पाकिस्तान पर 24 घंटे में हमला कर सबक सिखाया, आंतकवादी ठिकानों पर मिसाइले व ड्रोन से हमला कर नेस्तनाबूत कर दिया। कंगाली के कगार पहुंच चुका पाकिस्तान आज विश्व के सामने समझौता करने के लिये गिडगिडा रहा है, यह सब कुछ हमारे वीर सैनिको के पराक्रम से संभव हो सका है। तिरंगा यात्रा प्रदेश सम्यवक भूपेंद्र व नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड ने कहा हम सभी को सेना पर गर्व है, जांबाज सैनिकों ने गुनाहगार पाकिस्तान को मजबूती के साथ करारा जबाब दिया। इस दौरान भाजपा नेता किशन गोपाल दरगड, महेंद्र पाटनी, वैदप्रकाश दाधीच, सुनील दरडा, पंकज पहाड़िया, सुरेंद्रसिंह शेखावत, सीताराम साहू, मौजूद रहे।

भोपाल डेयरी के अधिकारियों ने किया अजमेर डेयरी का दौरा

भोपाल डेयरी के अधिकारियों के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने अजमेर डेयरी के अत्याधुनिक संयंत्र का दौरा किया।

अजमेर । भोपाल डेयरी के अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को अजमेर डेयरी के अत्याधुनिक संयंत्र का दौरा करने पहुँचा। डेयरी अध्यक्ष श्री रामचंद्र चौधरी एवं प्रबंध संचालक रामलाल चौधरी ने पारंपरिक राजस्थानी स्वागत की परंपरा निभाते हुए साफा, माला और मोमेंटो भेंट कर आगंतुकों का भव्य स्वागत किया।

अजमेर डेयरी प्रबंधन ने अधिकारियों को संयंत्र की संपूर्ण कार्यप्रणाली का अवलोकन कराया और विस्तार से बताया कि यह प्लांट टर्नकी मॉडल पर आधारित है, जिसमें तकनीकी संयोजन और क्रियान्वयन को एक साथ निष्पादित किया गया है। संयंत्र में 13 देशों की मशीनें स्थापित की गई हैं, जो इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाती हैं। स्वचालित संचालन प्रणाली और अनुकरणीय स्वच्छता मानक- भोपाल के अधिकारियों ने संयंत्र का निरीक्षण करते हुए देखा कि दूध के संग्रहण से लेकर प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और वितरण तक की समस्त प्रक्रिया अत्याधुनिक एवं स्वचालित तकनीकों पर आधारित है। इस प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम है, जिससे गुणवत्ता और स्वच्छता के उच्च मानक सुनिश्चित होते हैं। प्रतिनिधियों ने कहा कि -'अजमेर डेयरी का तकनीकी ढांचा और संचालन प्रणाली उत्तरी भारत में एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करती है, जिससे हमें भी सीखने को बहुत कुछ मिला है।' प्रबंधन की नेतृत्व क्षमता की सराहना- प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी और प्रबंध संचालक रामलाल चौधरी की कार्यशैली, दूरदर्शिता और नवाचार-प्रेरित सोच की प्रशंसा करते हुए कहा कि डेयरी के वर्तमान विकास और स्वचालन में इनकी निर्णायक भूमिका रही है। दौरे के समापन पर आपसी अनुभव साझा किए गए एवं तकनीकी सहयोग को लेकर भविष्य में दोनों संस्थाओं के बीच मजबूत साझेदारी की संभावनाओं पर सकारात्मक संवाद हुआ। प्रतिनिधिमंडल में राजेश विजयवर्गीय - प्रभारी (क्षेत्रीय सेवाएँ), प्रज्ञा झा - प्रभारी (गुण नियंत्रण), पूनम वंशकार - प्रबंधक (सहकारिता सेवाएँ), तथा अमित सक्सेना - प्रभारी (यांत्रिकी) शामिल थे।

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/129374
DATE :-01.05.2025 रजि. बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /1161 दिनांक 02-05-25

सार्वजनिक सूचना

श्री पांचू लाल चौहान पुत्र श्री नागजी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1 लोहार कॉलोनी मसूदा रोड मकान नं. 43 म्यु नं. 38 क्षेत्रफल 70.00 वर्गगज,जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री कालू राम पुत्र श्री चतरा जी के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 24.02.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की परवतपुरा ग्राम योजना के आवसीय/खसरा नम्बर 36 क्षेत्रफल 202.66 वर्ग गज आवंटी/अन्तरिति स्व. प्यारेलाल जोशी पुत्र स्व. सुवालाल जोशी निवासी पंचवटी कॉलोनी गली न. 2 आदर्श नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 30/5/2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा पंजीकृत/दिनांक 11/10/2018 संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु (1) मेघस्वरूप जोशी (2) नीलम जोशी पुत्रगण स्व. प्यारेलाल जोशी निवासी पंचवटी कॉलोनी गली न. 2 आदर्श नगर अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की परवतपुरा ग्राम योजना के आवसीय/खसरा नम्बर 36 क्षेत्रफल 202.66 वर्ग गज आवंटी/अन्तरिति स्व. प्यारेलाल जोशी पुत्र स्व. सुवालाल जोशी निवासी पंचवटी कॉलोनी गली न. 2 आदर्श नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 30/5/2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा पंजीकृत/दिनांक 11/10/2018 संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु (1) मेघस्वरूप जोशी (2) नीलम जोशी पुत्रगण स्व. प्यारेलाल जोशी निवासी पंचवटी कॉलोनी गली न. 2 आदर्श नगर अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक :न.प.कि / कृषि भूमि नियमन /2025/807 आम सूचना दिनांक-30/5/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा 408 का भूखण्ड 63 का कुल क्षेत्रफल 422.21 वर्गगज का आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहनें हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां/मय साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क्र.सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं. व क्षेत्रफल	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1	श्रीमति नोरती देवी पत्नि श्री श्रवण राम	मदनगंज 408 422.21 वर्गगज	आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु

आयुक्त, नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाड़ा (राजस्थान)

भीलवाड़ा रोड रोडवेज बस स्टैण्ड के पास

E-Mail ID-combebp@yahoo.in spbgulabpura@gmail.com Telephone No.01483-223079

क्रमांक न.पा.गु./2025/409-411 आपत्ति आमंत्रण सूचना दिनांक :30.05.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि नियमन के तहत पट्टे प्राप्त किए जाने के लिए निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम-खास/संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपतिकर्ता मय अपने दस्तावेजों के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपति दर्ज करवा सकते हैं। बाद मियाद आवेदक(अन्तिम क्रेता) के पक्ष में नियमन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

- कृषि भूमि नियमन :-

क्र.सं	रजिस्टर क्रमांक	दिनांक	नाम आवेदक	खसरा नं.	भूखण्ड सं.	साईज	क्षेत्रफल वर्गगज	इकरारनामा/ रजिस्ट्री
1.	146	04.07.24	श्री शान्ति लाल डांगी पुत्र श्री छीतरमल डांगी, गुलाबपुरा	891,892	58	20X50	111.11	खातेदार

अधिशाषी अधिकारी , नगरपालिका गुलाबपुरा

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 291 जाहिर आम सूचना दिनांक : 30/05/2025

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1/43, दौराई, अजमेर श्री भारत पुत्र स्व0 श्री रमेश चन्द्र मण्डरावलिया को आवंटित कर दिनांक 17.01.2020 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री भारत पुत्र स्व0 श्री रमेश चन्द्र मण्डरावलिया द्वारा दिनांक 28.09.2020 को उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्री भारत पुत्र स्व0 श्री रमेश चन्द्र मण्डरावलिया द्वारा आवास का बैचान श्रीमती सुशीला देवी पत्नि श्री रामनारायण चौहान को दिनांक 08.02.2024 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 885 में पृष्ठ संख्या 64 क्रम संख्या 202403002101358 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 3538 के पृष्ठ संख्या 390 से 402 पर दिनांक 08.02.2024 को चस्पा किया गया। अब श्रीमती सुशीला देवी पत्नि श्री रामनारायण चौहान ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती सुशीला देवी पत्नि श्री रामनारायण चौहान का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते. है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाड़ा (राजस्थान)

भीलवाड़ा रोड रोडवेज बस स्टैण्ड के पास

E-Mail ID-combebp@yahoo.in spbgulabpura@gmail.com Telephone No.01483-223079

क्रमांक न.पा.गु./2025/379-380 उदरदारी-नोटिस दिनांक :30.05.2025

श्री महावीर प्रसाद पुत्र श्री शोभाराम जांगिड, निवासी रणवों का खेडा, तहसील हुरडा, जिला भीलवाड़ा (राज0), द्वारा पालिका क्षेत्र में स्थित खसरा संख्या 362/3 कुबेर कॉलोनी में भूखण्ड संख्या 82 बनाप 25ड्ड50 फीट होकर 1250 वर्गफीट, क्षेत्रफल 138.88 वर्गगज पर पालिका कार्यालय में भवन निर्माण स्वीकृति हेतु/भूखण्ड हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रसारित की जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन निर्माण स्वीकृति/भूखण्ड हस्तान्तरण के सम्बन्ध में कोई आपति हो तो लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाणों को संलग्न करते हुये एक सप्ताह की अवधि में प्रस्तुत कर दें। उक्त अवधि के पश्चात कोई आपति मान्य नहीं होगी। पत्रावली एवं दस्तावेजों का निरीक्षण कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस के समय देखा जा सकता है।

पड़ोस विवरण :-
पूर्व- भूखण्ड संख्या 83 स्थित। उत्तर- आम रास्ता 30 फीट स्थित।
पश्चिम- भूखण्ड संख्या 81 स्थित। दक्षिण- भूखण्ड संख्या 74 स्थित।

अधिशाषी अधिकारी , नगरपालिका गुलाबपुरा

कार्यालय ग्राम पंचायत देवनगर पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण(अजमेर)

क्रमांक-ग्रा.पं.देवनगर/निविदा/SBM-G/2025-26/41 दिनांक :-30.05.25

ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26

ग्राम पंचायत देवनगर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से निविदा दिनांक 30.05.2025 से 04.06.2025 तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/& http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB NO: ZAJ2526A0606
UBN No: ZAJ2526GLRC00663

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवनगर
पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)

प्रशासक
ग्राम पंचायत देवनगर
पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)



प्रगत संगणन विकास केंद्र
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार

हमसे जुडें
हम भर्ती कर रहें हैं
प्रतिभाओं की खोज
रोमांचक और चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए

वैज्ञानिक और तकनीकी पद

परियोजना सहयोगी (नवागत / अनुभवी)
परियोजना अभियंता (नवागत / अनुभवी)
वरिष्ठ परियोजना अभियंता
परियोजना नेतृत्वकर्ता
मॉड्यूल नेतृत्वकर्ता (न्यूनतम 4 वर्षों का अनुभव)
परियोजना प्रबंधक
परियोजना वितरण प्रबंधक
प्रोग्राम प्रबंधक
ज्ञान सहभागी(नॉलेज पार्टनर) (न्यूनतम 9 वर्षों का अनुभव)

योग्यता
1. बीई/बीटेक या समकक्ष डिग्री
2. विज्ञान/ कंप्यूटर अनुप्रयोग या प्रासंगिक डोमेन में स्नातकोत्तर डिग्री/एमबीए
3. एम.ई./एम.टेक या समकक्ष डिग्री
4. पीएच.डी.

गैर-तकनीकी पद

परियोजना सहायता स्टाफ / परियोजना अधिकारी (शैक्षिक योग्यता के आधार पर न्यूनतम 0 - 3 वर्ष का अनुभव)

योग्यता
1. स्नातक
2. पोस्ट ग्रेजुएट
3. सीए / एलएलएम/ सीएमए / इंटर सीए
4. प्रासंगिक क्षेत्र में दो साल का पूर्णकालिक एमबीए / प्रासंगिक क्षेत्र में स्नातकोत्तर पेशेवर योग्यता

भारत में विभिन्न स्थलों के लिए
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि - 20 जून 2025
विस्तृत विज्ञापन और आवेदन करने के लिए www.cdac.in के CAREERS पृष्ठ पर जाएं।

Branding & Communication/CorpHR/C-DAC Pune 2025

ADVT.NO.CORP/JIT/03/2025 Advancing Technology for National Development CORPORATE HRD
CBC 06132/12/0001/2526